हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री


13 पानी को लेकर हाहाकार, ग्रामीणों में रोष





14 धान खरीदी में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं : कलेक्टर




**खबर संक्षेप**

## जांच नहीं कराने वाले स्कूलों की बसों का होगा पंजीयन निरस्त

**जगदलपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया है कि बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थानों की आड़ावाल में स्थित आरटीओ कार्यालय परिसर में दो दिन बसों की जांच की जाएगी। जांच नहीं करने वाले स्कूल बसों को पंजीयन निरस्त किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कालेज, आईटीआई में संचालन होने वाली समस्त शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाइड लाइन अनुसार आगामी 9 एवं 10 जनवरी की सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय आड़ावाल में जांच शिविर आयोजित किया गया है। निरीक्षण के लिए प्रस्तुत वाहनों का एक सेट आवश्यक दस्तावेज सहित वाहन को अद्यतन कर प्रस्तुत करना होगा। समस्त स्कूल प्रबंधकों को कहा कि स्कूलीय वाहनों को नियत जांच शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, निलंबन, निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। वाहन संचालित होते पाया जाएगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा।

**बच्चों के साथ खिलवाड़ नहीं करें :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने शैक्षणिक संस्थानों को कहा कि बच्चों के साथ खिलवाड़ नहीं करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सफलता : एक साल में खुले सर्वाधिक 27 नये कैम्प, 298 ने हथियार डाला**

# माड़ में इस वर्ष मारे गए 43 नक्सली जिन पर था 4.96 करोड़ का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग का नारायणपुर जिला नक्सल उन्मूलन की दिशा में इस वर्ष काफी चर्चित रहा। इसकी मुख्य वजह मारे गए करोड़ों के ईनामी तीन केन्द्रीय कमेटी के सदस्य है। इसके अलावा जिले में एक ही साल में सर्वाधिक 27 नया कैम्प भी खोला गया जो माड़ को नक्सलमुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

- मारे गए नक्सलियों में तीन केन्द्रीय कमेटी मेंबर व एक एसजेडसीएम भी शामिल

बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, डीआईजी कांकेर रेंज अमित कांबले, डीआईजी आईटीबीपी संजीव कुमार एवं नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुरिया व अन्य बलों अधिकारियों के संयुक्त प्रयास व नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के चलते वर्ष 2025 काफी उपलब्धियों भरा रहा।,





एसपी रोबिनसन गुरिया ने बताया कि नक्सल उन्मूलन के अभियान के दौरान इस वर्ष 27 नए पुलिस कैम्प खोले गए। इस दौरान सुरक्षाबलों ने विभिन्न मुठभेड़ में 4.96 करोड़ रुपए के ईनामी 43 नक्सली के शव बरामद किया वहीं अभियान के दौरान 78 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 298 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जिन नक्सलियों को शव बरामद किया इनमें 3 सीसीएम, 1 एसजेडसीएम, 3 मिलिट्री कम्पनी कमाण्डर, 1 मिलिट्री डिप्टी कंपनी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 27 नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप किए गए स्थापित

जिले में वर्ष 2025 में कुल 27 नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किए गए हैं। इनमें धूर नक्सल प्रभावित थाना ओरछा के अंतर्गत 12, थाना सोनपुर के अंतर्गत 7 एवं थाना कोहकामेटा के अंतर्गत 8 कैंप शामिल हैं। इस वर्ष नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित कोडलियार, बेड़माकोटी, पदमकोट, कंडुलपार, नेलांगुर, पांगूड़, रायनार, एडजूम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर, बालेबेड़ा, कोडेनार, कोडनार, आदींगपार और मंदोड़ा में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किया गया है।

# हड़ताल के दूसरे दिन भी कार्यालय में छाई रही विरानी, कामकाज ठप

**जगदलपुर।** मोदी की गारंटी को पूरा करने सहित 11 सूत्रीय मांगों के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी, अधिकारी फेडरेशन द्वारा किए जा रहे 3 दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को कर्मचारी, अधिकारी शामिल रहे। धरना प्रदर्शन पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में सैकड़ों कर्मचारी खड़े रहकर कर्मचारी नेता के उद्बोधन को सुनते रहे। फेडरेशन के जिला संयोजक गजेंद्र श्रीवास्तव के आह्वान पर कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करने काले कपड़े पहन कर आए।। धरना स्थल में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी अतुल शुक्ला, हरेश साहू, रूपेंद्र सिंह, नीलम मिश्रा, गिरीश कश्यप, रोहित देशपांडे, अनिल यादव, नीलकंठ साहू, भागचंद कश्यप, ओपी चंदेल, उदय किशोर पांडे, रमऊ लाल शर्वा आदि ने संबोधित किया। उसके बाद संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा बस्तर जिला संयोजक श्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने काले वस्त्र पहनकर रैली निकाली। इसमें शहर के प्रमुख मार्ग कृषि उपज मंडी से चांदनी चौक, मेन रोड पहुंची और मेन रोड ▶▶| शेष पेज 12 पर

- शहर में कर्मचारियों ने काले वस्त्र पहनकर निकाली रैली






# कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान ने एनएच से मांगी 15.56 करोड़ क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**



लोक निर्माण विभाग के जगदलपुर-कोंटा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 36 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग के 6.01 किमी 12 मीटर चौड़ीकरण किया जाएगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान ने इसके लिए 15.56 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति मांगी है। वन्यजीवों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण, जिससे सड़क निर्माण के लिए पार्क की जमीन या पारिस्थितिक संवेदनशीलता प्रभावित हो रही है और पार्क इसके बदले में आर्थिक भरपाई चाहता है। बताया जा रहा है कि बस्तर जिले के केशलूर से सुकमा जिले में 170 किमी राज्यमार्ग बना हुआ था। उसके बाद वर्ष 1982 में 200 वर्ग किलोमीटर कांगेर घाटी उद्यान स्थापित किया गया, इसमें से 6.01 किमी सड़क कांगेरघाटी उद्यान में रहा, जिसके चलते यह सड़क का चौड़ीकरण या मरम्मत प्रतिबंधित किया गया। साथ ही 6.01 किलोमीटर की सड़क राष्ट्रीय उद्यान के नक्शे में होने के चलते यह सड़क ढाई मीटर चौड़ा है, जिसका चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। छिंदगढ़ ब्लॉक तक बीच में पड़ने वाली कामानार, तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला सड़क जर्जर है।

### ट्रैफिक से इकोलॉजिकल बैलेंस पर खतरा

बताया जा रहा है कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 उद्यान के इकोलॉजिकल बैलेंस के लिए खतरा बनता जा रहा है। इस हाईवे पर लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है, इससे आने वाले समय में यहां के वन्यजीव, जलस्त्रोत और भू-गर्भीय गुफाओं के लिए खतरा हो रहा है।

### भुगतान होने पर दी जाएगी स्वीकृति

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा 6.01 किमी सड़क की चौड़ीकरण करेगा। इसलिए उद्यान की ओर से नियमानुसार एनएच को दिया 15.56 करोड़ क्षतिपूर्ति के लिए डिमांडनोट दिया गया है। डिमांडनोट का भुगतान होने पर ही एनएच को चौड़ीकरण कार्य के लिए स्वीकृति दी जाएगी।




**खबर संक्षेप**

### न्याय नहीं मिला तो 3 बेटियों के साथ धरना पर बैठेंगी




**जगदलपुर।** करपावंड के सरपंच लखमू राम नेताम ने कब्जा हटाने का विरोध करने पर गाली गलौज किया था, इसलिए वह 23 दिसंबर को करपावंड थाना में सरपंच के खिलाफ शिकायत की थी। इस बात से सरपंच नाराज हो गया और 29 दिसंबर की शाम उसका आवास को ढहा दिया है। यह बातें मंगलवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में बेवा सुकरी बाई ने कही। उन्होंने कहा कि बस्तर कलेक्टर को आवेदन के साथ पट्टा भी प्रस्तुत किया था। इसलिए कलेक्टर बस्तर ने एसडीएम को जांच के आदेश दिए थे, पर सरपंच ने प्रशासनिक कार्रवाई के पहले ही घर गिरा दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है पुलिस की भी इसमें भूमिका रही है। इस पर न्याय नहीं मिला तो वह अपनी तीन बेटियों के साथ धरना पर बैठ जाएगी। सरपंच ने गांव में 20-25 लोगों को नोटिस थमाया है, इस सूची में उसका भी नाम है। सरपंच पेसा कानून की आड़ में ग्रामीणों को धमका रहा है। ग्रामीणों को बरगलाकर उसका घर तोड़ा है।

### कार की टक्कर, मालवाहक वाहन खंभे से टकराया

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का खतरनाक नतीजा सामने आया है। बाबूकोहका गांव के पास सोमवार की शाम एक कार की लापरवाह ड्राइविंग ने सड़क पर अफरा-तफरी मचा दी। कार की टक्कर से एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराया। जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन चालक और हेल्पर बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे बालोद जिले के गुण्डरदेही थाना अंतर्गत ग्राम खलारी निवासी 24 वर्षीय प्रमोद कुमार साहू पिता स्वर्गीय सेवा राम साहू ने पुलिस को बताया कि वह वाहन मालिक राजीव शर्मा के वाहन क्रमांक सीजी 08 बीसी 6986 का चालक है। 29 दिसंबर को वह अपने हेल्पर दिलेश्वर यादव के साथ राजनांदगांव से कांकेर की ओर तेल कार्टून लोड कर आ रहा था। रात लगभग पौने 8 बजे जब उनका वाहन ग्राम बाबूकोहका स्थित एफसीआई गोदाम के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पहुंचा।

# प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर पुनर्वासितों के कदम, आईजी ने देवखरगांव पुनर्वास केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मंगलवार को पुना मार्गेमरू पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल अंतर्गत ग्राम देवखरगांव में संचालित पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में रह रहे पुनर्वासित व्यक्तियों से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान आयोजित कार्यक्रम में 35 पुनर्वासित व्यक्तियों को स्मार्टफोन एवं प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया। बस्तर आईजी ने पुनर्वासितों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि हिंसा का मार्ग छोड़ चुके लोगों को कौशल प्रशिक्षण एवं विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन सकें।

**हिंसा का मार्ग छोड़ विकास की राह अपनाने का आह्वान**

#### स्वरोजगार से सशक्तिकरण पर जोर

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने पुनर्वास केन्द्र में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण उपरांत पुनर्वासित व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने विभिन्न ट्रेडों में दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण एवं शासकीय योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश डांडे एवं कौशलेन्द्र देव पटेल, पुनर्वास केन्द्र प्रभारी पुनेश्वर वर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी–कर्मचारी एवं पुनर्वासित व्यक्ति उपस्थित रहे।

#### प्रशिक्षण का सदुपयोग करने का आह्वान

आईजी सुंदरराज पी. ने पुनर्वासितों से कहा कि प्रशिक्षण अवधि का पूर्ण मनोयोग से उपयोग करें और यहां अर्जित ज्ञान को अपने जीवन के साथ–साथ अपने गांवों तक भी पहुंचाएं। उन्होंने विकास की राह अपनाने के लिए पुनर्वासित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में पारदर्शी तरीके से हो रही धान खरीदी

# धान खरीदी और उठाव की प्रक्रिया सुचारू किसानों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।



खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत कोण्डागांव जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि पंजीकृत किसानों को उनकी उपज का समय पर और उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

छत्तीसगढ़ शासन की कृषक हितैषी नीतियों के तहत धान खरीदी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए उपार्जन केंद्रों मईन टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रतामापी यंत्र सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

#### अब तक 13 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

- अब तक 13 लाख 11 हजार क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन

खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की स्थिति में जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों से कुल 13 लाख 11 हजार 451 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में सर्वाधिक धान खरीदी विश्रामपुरी उपार्जन केंद्र में 39 हजार 888 क्विंटल हुई है। इसके अलावा बहीगांव में 39 हजार 706 क्विंटल, सलना में 36 हजार 863 क्विंटल, गम्हरी में 36 हजार 786 क्विंटल तथा अरण्डी में 34 हजार 465 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई है।

#### धान उठाव की प्रक्रिया भी निरंतर जारी

धान खरीदी के साथ–साथ उठाव की प्रक्रिया भी सतत रूप से जारी है। जिला प्रशासन द्वारा धान उठाव के लिए 10 मिलर्स के साथ अनुबंध किया गया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक उपार्जन केंद्रों से 3 हजार 730 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी एवं उठाव की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जा रही है। शासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली और किसानों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है और आगे भी यह प्रक्रिया इसी तरह सुचारू रूप से जारी रहेगी।

## धनोरा धान खरीदी केंद्र में तौल विवाद, किसानों में असंतोष




धनोरा। जिले के धनोरा धान खरीदी केंद्र पर ताजा खरीदी को लेकर किसानों में असंतोष देखा गया है। जानकारी के अनुसार, सुमित्रा पति काजर, निवासी ग्राम ध्रुवापारा से 69 बोरा धान खरीदा गया। खरीदी के दौरान प्रति बोरे का तौल 40.900 किलो लिया गया, जबकि राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रति बोरे अधिकतम तौल 40.700 किलो होना चाहिए।

धान खरीदी समिति लैम्प्स के प्रबंधक धनोरा ने कहा कि सभी जगह 40.900 किलो ही तौल लिया जा रहा है, जिससे स्पष्ट है कि यह प्रथा स्थानीय स्तर पर आम हो चुकी है। किसानों का कहना है कि इससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है और शासन के आदेश का उल्लंघन हो रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और अगर नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित अधिकारियों और खरीदी केंद्र पर कार्रवाई की जाएगी। किसानों का कहना है कि वे चाहते हैं कि तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित हो और शासन के निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन किया जाए।

#### समर्थन मूल्य पर धान विक्रय से महिला किसान राधा बघेल को मिली आर्थिक मजबूती



कोण्डागांव। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम मसोरा निवासी महिला किसान श्रीमती राधा बघेल ने खरीफ सीजन में अपनी 3 एकड़ कृषि भूमि में उत्पादित 67 क्विंटल धान का समर्थन मूल्य पर विक्रय किया है। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे खेत में कराए गए बोर खनन बोरवेल के भुगतान में करेंगी, जिससे सिंचाई सुविधा में वृद्धि होगी। राधा बघेल ने बताया कि सिंचाई सुविधा सुदृढ़ होने से आगामी रबी मौसम में मक्के की खेती कर डबल फसल लेने की तैयारी है, जिससे उनकी आय में और वृद्धि होगी। महिला किसान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से किसानों को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# कृषि सखी–पशु सखी महिलाओं ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना



**फरसगांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम ) के अंतर्गत कार्यरत (ए. डब्ल्यू.सीआरपी) सक्रिय महिला कृषि सखी एवं पशु सखियों ने मंगलवार की दोपहर से फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान में अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन का आगाज किया गया। कम मानदेय, नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर बड़ी संख्या में महिला सखियां धरने पर बैठीं है। वही कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ धरने पर बैठे नजर आए।

- 1910 में दम नहीं 10000 से कम नहीं के लगाए नारे

धरना स्थल पर महिला सखियों ने बताया कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर स्व-सहायता समूह गठन, मनरेगा अभिसरण, आजीविका गतिविधियों के संचालन, लेखा-जोखा सहित अन्य विभागीय कार्य पूरी जिम्मेदारी से कर रही हैं, इसके बावजूद उन्हें मात्र 1910 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में बेहद कम है। महिला सखियों ने कहा कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हुई हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मुख्य मांगों में मानदेय में बढ़ोतरी, छत्तीसगढ़ शासन के न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार भुगतान, मोबाइल व इंटरनेट खर्च, यात्रा व दैनिक भत्ता, नियुक्ति पत्र जारी करना तथा नियमितीकरण शामिल है। महिला संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जाएगा।

#### ये है मांगें

- मानदेय 1910 रु. प्रतिमाह बहुत ही कम है, इसे जीने लायक सम्मानजनक स्तर तक बढ़ाया जाए।
- मानदेय छत्तीसगढ़ शासन न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार दिया जाए।
- सभी कैडरो को मोबाइल दिया जाए नेट खर्च, दैनिक भत्ता व यात्रा भत्ता दिया जाए।
- मानदेय प्रतिमाह दिया जाए। इसे सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाए।
- हमें नियुक्ति पत्र दिया जाए।
- हमारा नियमितिकरण किया जाए।

# दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए अधिक से अधिक ऋण दें : कावड़िया



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने जिले के उन दिव्यांगजनों से मुलाकात की, जिन्होंने निगम से स्वरोजगार के लिए ऋण लेकर समय पर उसका भुगतान किया है। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से जिले के अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने एवं उन्हें इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

अध्यक्ष श्री कावड़िया ने कहा कि जो हितग्राही समय पर ऋण का भुगतान करेंगे, उन्हें निगम की ओर से विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस व्यवसाय के लिए ऋण दिया जाएगा, उससे संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि हितग्राहियों को व्यवसाय संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

**उत्पाद और बाजार सुविधा की भी होगी व्यवस्था :** उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को व्यवसाय के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही उनके उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन सकें।

**समय पर भुगतान करने वाले हितग्राहियों का सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान गणेश मलपारख, जिन्होंने किराना दुकान के लिए 5 लाख रुपये का ऋण लिया है तथा सोनी कटारिया, जिन्होंने कपड़ा दुकान के लिए 95 हजार रुपये का ऋण लिया है, को समय पर किस्त जमा करने पर नारियल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

**नए हितग्राही को शीघ्र ऋण देने के निर्देश :** इसके साथ ही फरसगांव निवासी सातो यादव को किराना दुकान के व्यवसाय के लिए शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की अधिकारी ललिता लकड़ा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे विधायक नीलकंठ

**फरसगांव।** पाण्डेआठगांव में मंगलवार की शाम 5 बजे समाजसेवी स्वर्गीय गरीबसाय मरकाम के श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। विधायक टेकाम ने दिवंगत समाजसेवी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक टेकाम ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. गरीबसाय मरकाम का समाज के प्रति समर्पण और सेवाभाव सदैव स्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान विधायक के साथ फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, झारी राम सलाम, मंजुलता नेताम, सोमा दास सहित अन्य उपस्थित रहे।



# वूमेन फॉर ट्री अभियान बना महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव ने नगरीय निकायों में पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति की रक्षा के उद्देश्य से वूमेन फोर ट्री अभियान शुरू किया जिसमें प्रत्येक निकायों में स्थल का चयन कर पौधे लगाए जाने की योजना बनाई, इससे सभी नगरीय निकायों में पर्यावरण संरक्षण, भावी पीढ़ी के लिए अनुकूल वातावरण, प्रकृति की रक्षा सुनिश्चित हुई।

- पर्यावरण संरक्षण को मिली नई दिशा, स्व सहायता समूह की महिलाओं को मिला सम्मान और रोजगार

इस अभियान का सबसे बड़ा लाभ यह है कि पौधे लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने का दायित्व स्व सहायता समूह की महिलाओं का है कार्य में लगी महिलाओं को 8000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है पूरे प्रदेश में लगभग 1700 महिलाएं इस कार्य में लगी है जिसके फलस्वरूप महिलाओं के सम्मान उनके सशक्तिकरण के लिए यह योजना मिल का पत्थर साबित हुई है नगर पंचायत फरसगांव में भी दो स्व सहायता समूह की कुल 10 महिलाएं वूमेन फोर ट्री अंतर्गत पौधरोपण व पौधों की सुरक्षा में संलग्न है ।



#### क्या कहती हैं समूह की महिलाएं

वास्तव में इस कार्य में जुड़ने के बाद हमें एक नई पहचान मिली है पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ आर्थिक लाभ होने से हमारी बचत हो रही है।

# सामुदायिक भवन में हुआ विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति दिवस पर कार्यक्रम

**फरसगांव।** फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में मंगलवार को विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में जी. वेंकटेश्वर राव, सह वक्ता के रूप में डॉ सुभाउ कश्यप, जिला अध्यक्ष सेवक नेताम उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को समर्पित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अटल के आदर्शों—राष्ट्र प्रथम, सशक्त भारत, सुशासन एवं विकास—को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही युवाओं से उनके विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को यह संदेश दिया गया कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि युगद्रष्टा राष्ट्रनिर्माता थे, जिनके विचार आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवीण सिंह बदेशा, जिला महामंत्री विजय पोया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, फरसगांव भाजपा मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे, मण्डल महामंत्री प्रवीण राव, बड़ेडोगर मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, भानुराम नाग सहित भाजपा के समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण की उपस्थिति रहे ।

## पेज 11 के शेष

### माड़ में इस वर्ष मारे...

कमाण्डर, 1 मिलिट्री कम्पनी मेंबर, 32 एरिया कमेटी मेंबर व अन्य शामिल है। सुरक्षाबलों ने 21 मई को एक ही दिन में सीसीएम केशव राव उर्फ बसवराज समेत 27 नक्सली लीडर को मार गिराया। वहीं 22 सितम्बर को हुए मुठभेड़ में सीसीएम कादरी नारायण रेड्डी उर्फ कोसा दादा तथा सीसीएम रामचंद्र रेड्डी उर्फ राजू दादा को मार गिराया था।

**6.095 करोड़ के ईनामी 298 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण :** एसपी नारायणपुर ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 78 माओवादी नक्सली गिरफ्तार किया गए। जिसमें एसीएम 2, कंपनी सदस्य 1 एवं अन्य 75 कैडर शामिल हैं। एक ही साल में कुल 6.095 करोड़ रुपये के ईनामी 298 प्रतिबंधित नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सलियों में 14 मिलिट्री कम्पनी सदस्य, 22 एसीएम, 32 पीपीसीएम, 18 पीडी टेक्निकल टीम सदस्य, 9 पीएम तथा कुल 97 एवं अन्य 106 नक्सली शामिल हैं।

### हड़ताल के दूसरे दिन भी...

से गोल बाजार और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल रोड होते तथा हॉस्पिटल रोड से होते हुए वापस धरना स्थल पर पहुंची। आंदोलन में प्रमुख रूप से गणेश नायक, चंद्र प्रकाश देवांगन, धनंजय देवांगन, उमेश मेश्राम, उमाशंकर ठाकुर, मनीष श्रीवास्तव, जोगेंद्र सिंह कश्यप, पूर्णिमा कोराम, पद्मावती नायडू, आशा दान, पूर्णिमा देहरी आदि पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

**क्रांति सेना ने कार्यालय में दी दबिश :** फेडरेशन ने विभिन्न कार्यालयों के आवश्यक निरीक्षण के लिए अपनी क्रांति सेना का गठन करते हुए संभाग मुख्यालय के विभिन्न कार्यालय में दबिश दी।कहीं किसी कर्मचारी से दबावपूर्वक कार्य तो नहीं कराया जा रहा जा रहा है। क्रांति सेना ने बताया कि सारे कार्यालय बंद है।

## खबर संक्षेप

### मासूम रियांश की जिंदगी में लौटी मुस्कान




**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा निरंतर कुपोषण उन्मूलन हेतु कार्य किया जा रहा है। कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को समय पर पहचान और सही उपचार मिल जाए तो उन्हें स्वस्थ जीवन दिया जा सकता है। इस बात को सही साबित किया है बीजापुर परियोजना के रेड्डी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पलनार के आंगनबाड़ी केंद्र पलनार स्कूलपारा ने। यहां पंजीकृत बालक रियांश पिता बाबलू ताती, माता नमिला ताती गंभीर कुपोषण की स्थिति से बाहर आकर पूर्णतः स्वस्थ हुआ है।
गंभीर कुपोषण की स्थिति, परिवार था चिंतित- नियमित वजन एवं स्वास्थ्य निगरानी के दौरान बच्चे का वजन केवल 6 किलो 200 ग्राम और लंबाई 62.1 सेमी दर्ज की गई, जो आयु के अनुसार अत्यंत कम थी। स्थिति गंभीर होने पर बच्चे को विशेष निगरानी सूची में शामिल किया गया और तत्काल उपचार प्रक्रिया आरंभ की गई। इस प्रयास में परियोजना बीजापुर, पर्यवेक्षक शबती पोयाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जगदेश्वरी ओडेयाज, सहायिका मोती नक्का, ग्राम पंचायत सचिव तिरुपति कुडियम तथा सरपंच मालती ताती का सराहनीय योगदान रहा। एनआरसी में भर्ती शुरू हुआ सुधार का सफर- बेहतर उपचार और पोषण प्रबंधन के लिए रियांश को एनआरसी में भर्ती कराया गया जहां उसे संतुलित भोजन, दवाइयों, नियमित स्वास्थ्य जांच और माता को पोषण परामर्श सहित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं।

## निधन

### शम्मी कपूर

**जगदलपुर।** कपूर बेकरी के संचालक व्यवसायी शम्मी कपूर (62) का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे कल तक अपना कारोबार करते हुए लोगों से मिलते रहे। आज सुबह लालबाग स्थित निवास में अटैक आने पर महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉक्टर के अनुसार हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ। शाम 4:30 बजे निवास से निकली अंतिम यात्रा में समाज के लोग, व्यवसायी और शहरवासी शामिल थे। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ। परिवार में एक भाई और एक बेटी छोड़ गए।



### सुमित्रा बाला धर

**जगदलपुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी सुमित्रा बाला धर (98) का आज निधन हो गया। परिवार में पुत्र अमूल्य, परिमल, विमल, रतन और सपन एवं नाती सुकुमार धर सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। अन्तिम यात्रा बुधवार को प्रातः 9 बजे वृंदावन कॉलोनी स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



# आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार पर हुई शांतिपूर्ण ढंग से जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार को लेकर आयोजित जनसुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

किरंदुल में स्थित बेनिफिसियेशन प्लांट, क्षमता विस्तार के तहत प्रस्तावित आयरन

- **एक हजार से अधिक लोगों ने जनसुनवाई में लिया भाग**

ओर बेनिफिसियेशन प्लांट क्षमता 8.0 मिलियन टन/ वर्ष से 120 मिलियन टन / वर्ष, क्षेत्र -3 83 हेक्टेयर (98.43 एकड़) के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक जनसुनवाई मंगलवार को बीआईओपी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल किरंदुल बस स्टैण्ड में राखी गई थी जिसमें ग्राम पंचायत मदारी, चोलनार, समलवार, हिरोली, पाड़ापुर, बड़े बचेली, गुमियापाल, कोड़ेनार, कड़मपाल, मड़कामिरास, किरंदुल, जगदलपुर व सुकमा से जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। जनसुनवाई में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।





कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से क्षमता विस्तार से संबंधित जानकारी दी गई और पर्यावरणीय प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार से स्थानीय युवाओं को और अधिक रोजगार मिलने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों को अपनी राय और सुझाव रखने का अवसर दिया गया। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने मल्टीनेशनल हॉस्पिटल क्षेत्र में खोलने, स्थानीय बेरोजगारों को अधिक से अधिक रोजगार देने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से अधिक से अधिक कार्य करने की बात रखी।

क्षेत्र में लोग आयरन की मात्रा अधिक होने से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था क्षेत्र में करने, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, कंपनी के अपशिष्ट पदार्थ को सरकार द्वारा बड़े-बड़े नेशनल हाईवे, रेलवे के कार्यों में फिलिंग के माध्यम से इस्तेमाल करने की बात रखी जैसा मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। पूरी जनसुनवाई में कहीं से भी किसी प्रकार का कड़ा विरोध दर्ज नहीं किया गया। बस्तर में पहली बार किसी निजी कंपनी की जनसुनवाई की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

## तोकापाल में चार दिनों से नल जल योजना ठप

# पानी को लेकर हाहाकार, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोकापाल

तोकापाल में नल-जल योजना बीते चार दिनों से पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। पानी की आपूर्ति बंद होने से गांव में भीषण जलसंकट उत्पन्न हो गया है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों को दैनिक कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





- **दैनिक कार्यों के लिए हो रही परेशानी**

पेयजल संकट के चलते ग्रामीण मजबूरी में नदी, नाले और तालाबों का दूषित पानी उपयोग करने को विवश हैं। यह पानी पीने योग्य नहीं होने के बावजूद इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे खासकर बच्चों में पीलिया, मलेरिया, निमोनिया, बुखार जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक-दो दिन में जलापूर्ति बहाल नहीं हुई, तो गांव में बीमारी फैलने की पूरी आशंका है। पानी की कमी के कारण कई घरों में आपसी विवाद की स्थिति बन रही है। महिलाएं दूर-दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। कई कर्मचारी समय पर ड्यूटी नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि जंगली जानवर भी पानी की तलाश में गांव के आसपास भटकते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत को जल संकट की पूरी जानकारी होने के बावजूद सरपंच द्वारा न तो वैकल्पिक हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई और न ही टैंकर की व्यवस्था की गई। चार दिनों से गांव बिना पानी के है, फिर भी पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस संबंध में जब ग्राम पंचायत तोकापाल के सरपंच लख्मी कश्यप से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नल-जल योजना की मोटर जल गई है, जिसे मरम्मत के लिए भेजा गया है और दो-तीन दिन लग सकते हैं। टैंकर व्यवस्था को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मोटर जल्द बन जाएगी, इसलिए टैंकर की आवश्यकता नहीं समझी गई। सरपंच के इस जवाब से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। महिलाओं और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे खाली बर्तन लेकर जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी ने इस गंभीर समस्या का संज्ञान नहीं लिया है, जिससे जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। लोगों का कहना है कि पंचायत की लापरवाही का जवाब आने वाले चुनावों में दिया जाएगा।

### बच्चों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

पानी की किल्लत के चलते बच्चे नदी-नालों और तालाबों में नहाने तथा वहां का पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो गांव के बच्चों को गंभीर बीमारियां घेर सकती हैं। पानी की कमी के चलते बच्चों में भारी बीमारी होने के है घरों में सही पानी नहीं मिलने से बच्चों को नदी, नालों, तालाबों में नहाने को मजबूर हो रहे है और पानी कों बच्वें कही से भी पी रहे है जिससे बीमारी तो बच्चों को घेर लेगी और बच्चे बीमार हो जाएंगे।

# समलूर के ग्रामीणों से 2 जिलाध्यक्ष ने किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने गीदम ब्लॉक के माता तपेश्वरी के पावन धरा समलूर पहुंच ग्रामीणों से स्नेह भेंट कर संवाद किया।

माता तपेश्वरी के पावन धरा समलूर आगमन पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों एवं युवा साथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ओम सोनी एवं राहुल असरानी का आत्मीय स्वागत कर शुभकामनाएं दी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए पार्टी की विचारधारा, संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग समाज एवं युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज एवं युवाओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं युवाओं ने अपने विचार, सुझाव रखे और संगठनात्मक कार्यों में पूरी निष्ठा व सक्रियता से जुड़ने का संकल्प लिया। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री विशाल जैन ने भी ग्रामीणों व युवा साथियों को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी की विभिन्न गतिविधियों, जनहितकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज एवं युवा शक्ति ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और समाज एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन नए आयाम स्थापित करेगा।

कार्यक्रम का संचालन रामराज ठाकुर ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल महामंत्री गीदम लोकेन्द्र ठाकुर ने किया। इस दौरान महादेव ठाकुर, बलभद्र ठाकुर, सुनील क्षत्रिय, सरपंच मोतीराम सोरी, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राम कथा पर हुआ भरत मिलाप...



**जगदलपुर।** शहर के पगारिया परिसर में माहेश्वरी समाज की ओर आयोजित श्री राम कथा में मंगलवार को संत अलका श्री ने भरत मिलाप की कथा की, इसमें श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा।

# पेंशनरों को मिला सुशासन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

पेंशनरों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन की सुशासन की भावना के अनुरूप जिला चिकित्सालय बीजापुर में सोमवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में 60 से अधिक पेंशनरों ने भाग लिया। अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में पेंशनरों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ रक्तचाप एवं मधुमेह (शुगर) जांच, ईसीजी, लैब टेस्टिंग, नेत्र परीक्षण, 2डी इको तथा हियरिंग एड जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं।

शिविर की विशेषता यह रही कि सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। पेंशनरों को आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया, वहीं ईसीजी, लैब टेस्टिंग, 2डी इको और हियरिंग एड की सुविधा भी बिना किसी शुल्क के प्रदान की गई। नेत्र परीक्षण के पश्चात पात्र पेंशनरों को निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया गया। जिससे उन्हें किसी प्रकार का आर्थिक भार नहीं उठाना पड़ा। इस सफल आयोजन में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला कोषालय अधिकारी एमपी टंडन तथा सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर का विशेष योगदान रहा। साथ ही छत्तीसगढ़ पेंशनधारी संघ बीजापुर के जिला अध्यक्ष एवं उप-प्रांताध्यक्ष डीएस राम का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। यह विशेष स्वास्थ्य शिविर पेंशनरों के लिए समय पर स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क उपचार, औषधि वितरण एवं चश्मा वितरण की दृष्टि से अत्यंत सफल एवं लाभकारी सिद्ध हुआ, जिससे पेंशनरों ने संतोष व्यक्त किया।



## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर ने आधार पंजीयन के शत-प्रतिशत सेचुरेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि आधार के माध्यम से शासन की अनेक जनकल्याणकारी




योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग को मैदानी अमले से योग्य कर्मचारियों को चिन्हित कर तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, इंडिया पोस्ट के सहयोग से स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने, सर्वे डाटा, पोषण ट्रैकर एवं यू-डाइस डाटा के आधार पर छूटे हुए नागरिकों एवं बच्चों को लक्षित कर विशेष शिविर आयोजित करने तथा शिविर से पूर्व जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सली परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाने, नियद नेल्लानार ग्राम योजना के अंतर्गत सभी स्कूलों को मॉडल स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को समक्ष आंगनबाड़ी के रूप में विकसित करने तथा प्रत्येक पंचायत में सोमवार को ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से पंचायत सचिव एवं पटवारी द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, जनपद पंचायत एवं आदिवासी विकास विभाग को प्रतिदिन की उपस्थिति की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने, नियमित फील्ड विजिट कर कार्य प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने, जबकि शिक्षा विभाग से अपार आईडी के अंतर्गत विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट की प्रगति की जानकारी ली गई। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी छात्रों को काउंसलिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

# मौत के मुहाने से लौटे 33 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

क्रांतिकारी देब्रिधुर शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर (एमजीयूवीवी, दुर्ग) के उत्तर भारत शैक्षणिक भ्रमण पर गए 33 छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों सहित एक भीषण सड़क हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। यह हादसा मनाली भ्रमण के अंतिम दिन शाम लगभग साढ़े सात बजे उस समय हुआ, जब बस पहाड़ से नीचे उतर रही थी तब पर्यटक बस के चालक को अचानक चलती हुई बस में मिर्गी का दौरा पड़ गया और चलती बस अनियंत्रित हो गई।

बस में सवार भ्रमण प्रभारी शिक्षक डॉ. रामकुमार देवांगन ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांपते हुए अद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। बिना एक पल गंवाए वे चालक की सीट तक पहुंचे, स्टेयरिंग अपने हाथ में लिया और हैंड ब्रेक लगाकर बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गई।



तेज टक्कर के कारण डॉ. देवांगन की कलाई गंभीर रूप से टूट गई, लेकिन उनकी तत्परता और साहस से बस गहरी खाई में गिरने से बच गई। यदि बस खाई में गिर जाती, तो दर्जनों लोगों की जान जा सकती थी। इस संकट की घड़ी में भ्रमण के अन्य सहयोगी शिक्षक डॉ. अमित कुमार पैकरा, डॉ. अग्निवह हक़दार एवं डॉ. ममता भगत ने भी साहसिक भूमिका निभाते हुए स्थिति को संभाला और सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से दिल्ली तक पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती, तो बड़ी जान-माल की हानि हो सकती थी। हादसे के तुरंत बाद डॉ. देवांगन को प्राथमिक उपचार दिया गया, तत्पश्चात उन्हें दिल्ली रेफर किया गया, जहां उनकी कलाई का सफल ऑपरेशन किया गया।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि, यह घटना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक थी, किंतु हमारे भ्रमण प्रभारी शिक्षक डॉ. रामकुमार देवांगन द्वारा दिखाई गई असाधारण सूझबूझ, साहस और त्वरित निर्णय ने एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया।

उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा, जो संपूर्ण शिक्षकीय समुदाय के लिए गर्व की बात है।

महाविद्यालय परिवार उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और उनके इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें नमन करता है। साथ ही, भ्रमण में सम्मिलित सभी सहयोगी शिक्षकों की भूमिका भी सराहनीय रही, जिनके समन्वय से सभी विद्यार्थी सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। वर्तमान में डॉ. देवांगन अपने निवास पर चिकित्सकीय निगरानी में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर कायस्थ समाज प्रसन्न

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी एवं बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बस्तर कायस्थ समाज ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। समाज के अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि कायस्थ समाज के नितिन नबीन कर्मठ, अनुभवी एवं संगठन के प्रति समर्पित नेता है इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।
यह भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ संपूर्ण कायस्थ समाज के लिए गौरव का विषय है।
कायस्थ समाज बस्तर संभाग के उपाध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव, सुदामा श्रीवास्त्व, सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, राजेश, आशीष, विपुल, प्रवीण, धीरेंद्र, मधुप, अविनाश, राजेश, शैल बाला, अध्यक्ष महिला संगठन जय श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव ने विश्वास जताया कि वे उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और देश का मान बढ़ाएंगे।

### तहसीलदार ने करपावंड धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण



**बकावंड।** मंगलवार को करपावंड धान खरीदी केन्द्र पहुंच कर तहसीलदार ने रख रखाव एवं बारदाना के साथ-साथ धान बोरियों का नियम पूर्वक मापदंड अनुसार मात्रा वजन की जांच की। उन्होंने केंद्र के गोदामों का भी जांच चार पहियों वाहनों को बाहर खड़े रखने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया की उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार धान खरीदी के प्रारंभ से आज तक कितना खरीदी हुआ एवं कितना बारदाना है और कितना आगे आवश्यकता होगा । साथ ही धान खरीदी केन्द्र में उठाव जल्द हो पाए इसका भौतिक निरीक्षण किया गया। ताकि कृषकों को परेशानी न होने पाए।

## मलकानगिरी जिले में हुए हमले की सीबीआई जांच हो : पाल



**जगदलपुर।** ओडिशा के मलकानगिरी जिला के ग्राम एमवी 26 में पीड़ति परिवारों को मुआवजा एवं इनके खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भारत सरकार तथा उड़ीसा सरकार से छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने की है।

उन्होंने जारी बयान में कहा है कि हाल ही में ग्राम एमवी 26 में बंगाली संप्रदाय के 188 परिवारों के मकान को असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगाकर, विस्फोटक सामग्री से नुकसान पहुंचाया गया। मकान, बाड़ी तथा कृषि फसल संपत्ति एवं वाहन, मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर को जलाकर राख कर दिया गया। असामाजिक तत्वों के द्वारा बंगाली संप्रदाय के परिवारों की संपत्ति सोना, चांदी, रुपया लूट कर ले जाया गया। आगजनी एवं लूटपाट करते समय पुलिस प्रशासन मौजूद था। लेकिन पीड़ति लोगों को न्याय नहीं मिला।

उन्होंने सीबीआई जांच की मांग करते दोषी अधिकारियों, कर्मचारी पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की बात कही है। 128 बंगाली परिवारों को मकान बाड़ी बनाकर दिया जाए एवं राहत सामग्री प्रदाय कराया जाए। मांग पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी उड़ीसा , राज्यपाल डॉ हरी बाबू को भेजा गया है।

## बहुरंगी हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन...




**जगदलपुर।** नववर्ष 2026 का बहुरंगी 12 पृष्ठ का हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन आज सांसद महेश कश्यप ने किया। उन्होंने कैलेंडर की क्वालिटी और सभी पृष्ठ में दिए गए उपयोगी जानकारी की सराहना करते कहा कि नए साल के पहले दिन पाठकों तक कैलेंडर का पहुंचना अच्छी बात है। इस मौके पर हरिभूमि के ब्यूरो चीफ सुरेश रावल, मार्केटिंग हेड समीर सेन और सीनियर रिपोर्टर महेंद्र विश्वकर्मा मौजूद थे।

### 50 बोरों की रैंडम जांच और क्रॉप कटिंग से जारी होगा टोकन

# धान खरीदी में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों और धान खरीदी व्यवस्था की गहन समीक्षा की।

- **कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रशासनिक कसावट और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। विशेष रूप से दरभा क्षेत्र में हर सप्ताह निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रहें। केंद्रों में धान चोरी की आशंका को पूरी तरह समाप्त करने के लिए उन्होंने आकस्मिक निरीक्षण करने और रैंडम आधार पर 50 बोरों का वजन जांचने का आदेश दिया। साथ ही अधिक समस्या वाले केंद्रों की निगरानी के लिए विशेष जांच दल गठित करने की बात कही। किसानों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि क्रॉप कटिंग के आधार पर ही किसानों का टोकन काटा जाए। इसके अलावा बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रकबा समर्पण की स्थिति जांचने और गेटपास ऐप का अनिवार्य उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों को सतर्क एप्लीकेशन में डाटा एंट्री करवाने और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का कड़ाई से पालन करने को कहा। उन्होंने कार्यालयों का संचालन ई-ऑफिस के माध्यम से करने और विभागों के पुराने निष्क्रिय बैंक खातों को तत्काल प्रभाव से एक्टिव करने के निर्देश दिए ताकि वित्तीय प्रबंधन बेहतर हो सके।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



### आवास योजना की धीमी गति पर जताई नाराजगी

ग्रामीण विकास और अधोसंरचना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी गति पर नाराजगी जताई और जनपद जगदलपुर एवं लोहण्डीगुड़ा में इस सप्ताह के भीतर निर्धारित आवास लक्ष्य को पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों और जिला खनिज न्यास संस्थान की राशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति का संज्ञान लेते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आधार सर्वे और रिवेरीफिकेशन कार्यों के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा उचित डाटा के साथ शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

## जिले के ग्राम पंचायतों में होगी चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में सुशासन को गांव-गांव तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। कमिश्नर डोमन सिंह के निर्देशों के परिपालन में

- **कलेक्टर ने जारी किया जिले भर का निरीक्षण कैलेंडर**

कलेक्टर हरिस एस ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के अन्तर्गत निरीक्षण की तिथियां निर्धारित करते हुए एक विस्तृत आदेश जारी किया है, जिसके तहत प्रशासन अब दफ्तरों से निकलकर सीधे ग्रामीणों के बीच चैपाल लगाएगा। इस अभियान की शुरुआत लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत से होने जा रही है, जहां आगामी 9 जनवरी 2026 को प्रशासन का पहला पड़ाव होगा, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से पूरे जिले को कवर किया जाएगा।

कलेक्टर द्वारा जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार, लोहण्डीगुड़ा के बाद 30 जनवरी को दरभा, 20 फरवरी को बकावण्ड, 6 मार्च को बास्तानार, 25 मार्च को जगदलपुर, 10 अप्रैल को बस्तर और अंत में 30 अप्रैल 2026 को तोकापाल जनपद पंचायत में निरीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस पूरी कवायद का उद्देश्य ग्राम स्तर पर चैपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करना है, साथ ही मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और विकास कार्यों को सुनिश्चित करना है। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक अधिकारी सुबह 10 बजे गांवों में पहुंचकर स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, राशन दुकान और निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे और फिर दोपहर 2 बजे पंचायत भवन में आयोजित चैपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे।

इस अभियान की गंभीरता को देखते हुए सभी जिला और जनपद अधिकारियों को आदेश का सूक्ष्मता से अवलोकन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को जांच के दौरान किन बिंदुओं पर फोकस करना है, इसके लिए एक विस्तृत निरीक्षण प्रपत्र पृथक से साझा किया जाएगा। अभियान के दौरान अधिकारी मध्यान्ह भोजन, पूरक पोषण आहार, जल जीवन मिशन, मनरेगा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देंगे। दिन भर चले निरीक्षण और जनसंवाद के बाद उसी दिन शाम 4:30 बजे जनपद मुख्यालय में नोडल अधिकारी समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें पाई गई समस्याओं और ग्रामीणों से मिले फीडबैक पर चर्चा कर त्वरित निराकरण की रणनीति बनाई जाएगी।

## सोनारू और सुकलो ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर खेती-किसानी को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शासन की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति से अन्नदाताओं को अच्छा सम्बल मिल रहा है और वे धान विक्रय की राशि से जहां खेती-किसानी को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही घर-परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए जुटे हैं। तोकापाल विकासखण्ड अंतर्गत मरकापाल निवासी किसान सोनारू कश्यप और छापर भानपुरी के सुकलो बघेल बताते हैं कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उन्हें बड़ी मदद मिल रही है और धान की अच्छी पैदावार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिससे उन्हें ज्यादा मुनाफा हो सके।

छापर भानपुरी धान उपार्जन केन्द्र अपनी उपज बेचने आए सोनारू कश्यप ने बताया कि करीब 10 एकड़ कृषि भूमि में से 8 एकड़ में धान की खेती करते हैं, इस वर्ष 132 क्विंटल धान विक्रय कर रहे हैं, जिससे करीब एक लाख रुपए फसल ऋण लिंकिंग में देंगे। उन्होंने गत वर्ष के धान एवं मक्का विक्रय की राशि से शुरू किए 7 कमरे के पक्का मकान को इस साल पूरा करने की बात कही। वहीं रबी सीजन में 8 एकड़ रकबा में मक्का की पैदावार लेकर अतिरिक्त आय होने पर घर-परिवार की जरूरतें पूरा करेंगे। इसी तरह छापर भानपुरी के सुकलो बघेल ने बताया कि लगभग 12 एकड़ कृषि भूमि में से 10 एकड़ रकबा पर धान की खेती करते हैं, अभी 116 क्विंटल धान विक्रय के लिए लाए हैं। जिससे 2 लाख रुपए फसल ऋण भी लिंकिंग में कटौती होगी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 120 क्विंटल धान विक्रय से 5 कमरे का नया पक्का मकान बनाना शुरू किए थे उसे इस साल पूरा करना है। वर्तमान में करीब 5 एकड़ खेती जमीन पर चना एवं मसूर की पैदावार लिए हैं। किसान सुकलो बघेल ने कहा कि उन्नत खेती-किसानी से घर-परिवार में खुशहाली आयी है और बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे रहे हैं। छापर भानपुरी धान खरीदी केन्द्र में प्रभारी ने बताया कि धान उपार्जन के लिए पर्याप्त बारदाने सहित अन्य सभी व्यवस्था उपलब्ध है। अभी तक इस धान खरीदी केन्द्र में 28 हजार 577 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

## पूर्व छात्रों ने बताए अनुभव, अनुशासन और संस्कार से जीवन हुआ सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

करपावंड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन एलूमनी मीट का आयोजन किया गया। वर्षों बाद विद्यालय लौटे पूर्व छात्रों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम पुराने संस्मरणों को ताजा करने के साथ वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का अवसर बना। शुरूआत छात्र परिषद के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व छात्रों के आत्मीय स्वागत से हुआ। एलूमनी छात्रों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मिली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और शिक्षकों का मार्गदर्शन व्यक्तित्व निर्माण में सहायक बना। राहुल साय ने कहा एकलव्य विद्यालय ने मुझे न केवल शिक्षा दी बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने का साहस भी दिया। यहां का अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन मेरे जीवन की सफलता का आधार हैं।

- **एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में एलुमनी मीट**





मिलन समारोह के दौरान वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से उन्होंने विद्यालय की संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, परिश्रम और धैर्य का महत्व समझाया। डॉ. प्रीति मंडावी ने कहा एकलव्य ने मुझे डॉक्टर बनने का सपना साकार करने का अवसर दिया। विद्यालय में मिली शिक्षा और संस्कार मेरे जीवन की मजबूत नींव बने। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार शुक्ल ने एकलव्य विद्यालय की विकास यात्रा पर उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व में भी अग्रणी रहा है। सहायक आयुक्त जी आर सोरी ने कहा कि आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र देश के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। हमारे विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे एलूमनी मीट कार्यक्रम न केवल बचपन की यादों को ताजा करते हैं बल्कि विद्यार्थियों में आपसी जुड़ाव और प्रेरणा भी बढ़ाते हैं। एल्यूमिनी मीट में संस्था के पूर्व प्राचार्य अनिल दास ने अपने कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियां बताई और शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सराहा। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार सैनी ने भी विचार रखे।

### यहां के छात्र उंचे पदों में पहुंच रहे

पूर्व छात्र संतोष कुमार मंडावी ने कहा कि इस विद्यालय से पढ़कर कई छात्र डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों में सफल होकर देश-समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की शुरूआत एक सामाजिक भवन से हुई थी। प्रारंभिक समय में शिक्षकों की कमी, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज छात्रावास में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव विद्यालय के उत्कृष्ट परिणामों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

### छात्रों को मिलेगा व्यावसायिक प्रशिक्षण

प्राचार्य अमित कुमार पांडेय ने बताया कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स के सहयोग से टाटा मोटर्स कंपनी के साथ एक एमओयू हुआ है, जिसके तहत पूर्व और वर्तमान छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

### आत्मविश्वास से ही मिलती है सफलता

डॉ. उषा शुक्ला ने कहा कि जीवन में लक्ष्य के प्रति सजग, सकारात्मक और धैर्यवान रहना आवश्यक है। निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास से ही सफलता प्राप्त होती है। पूर्व छात्रों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। एलुमनी मीट में एकलव्य विद्यालय कोड़ेनार, दरभा और बेसुली के प्राचार्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सह संयोजक ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने विद्यालय की विकास यात्रा को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया।

### संयुक्त बैठक में अधिकारियों ने तय की समय-सीमा

# 30 जनवरी तक 118 नल-जल योजनाओं को मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मुहिम में आ रही बिजली कनेक्शन प्राथमिकता दी जा रही है। इस दिशा में बीते दिनों आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में मिशन जल जीवन मिशन के संचालक जितेंद्र शुक्ला ने नल-जल प्रदाय योजनाओं में तत्काल विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में गत दिवस विद्युत विभाग के प्रशासकीय खण्ड के सभा कक्ष में विद्युत विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और उप-अभियंताओं ने हिस्सा लिया, जहाँ मुख्य रूप से ग्रामवार लंबित डिमांड नोट और उनके भुगतान की स्थिति पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुल 102 ग्रामों के लिए 120 विद्युत कनेक्शनों के आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें से 99 ग्रामों के 118 कनेक्शनों के लिए डिमांड नोट का भुगतान विभाग द्वारा किया जा चुका है। इन आंकड़ों पर विस्तृत चर्चा के बाद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। समीक्षा के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के कार्यपालन अभियंता ने आश्वस्त किया कि प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि जिन मामलों में डिमांड नोट लंबित हैं, उन्हें हर हाल में 15 जनवरी 2026 तक जारी कर दिया जाएगा। वहीं, जिन ग्रामों में डिमांड नोट का भुगतान हो चुका है, इन जगहों पर 30 जनवरी 2026 तक विद्युत कनेक्शन प्रदान कर दिए जाएंगे। बैठक के समापन पर विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंताओं ने अपने अधीनस्थ अमले को कड़े निर्देश दिए कि दोनों विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करें, ताकि ग्रामीणों को पेयजल योजना का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन...



**जगदलपुर।** राधा रमण समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरिता यादव ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया। इस अवसर पर मंगलवार को हवन और भंडारा का आयोजन किया गया, भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।